(19)

	समझौता प्रपत्र इतिहास विभाग, दयानंद कॉलेज, हिसार और **गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार**	

1. समझौता

1.1 इतिहास विभाग, दयानंद कॉलेज, हिसार एवं गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार के बीच दिनांक 28.04.2023 को समझौता आपसी सहमती से प्राचार्य, अध्यक्ष, इतिहास विभाग तथा व्यवस्थापक की उपस्थिति में हुआ ।

2. प्रस्तावना

2.1 समझौते के अनुबंध के रूप में इतिहास विभाग दयानंद कॉलेज अपने शिक्षक गणों के माध्यम से विभिन्न तरह के शोध के क्षेत्र में ऐसे विषय चुनेगा जो गांधी जी के जीवन व चिंतन से जुड़े हो।

2.2 इतिहास विभाग गांधी जी व उनसे संबंधित विषयों पर शोध व लेख लिखने के लिए विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करेगा तथा इस हेतु विभिन्न तरह की सामग्री को भी जुटाएगा।

2.3 इतिहास विभाग दयानंद कॉलेज हिसार अपने कार्यों व गतिविधियों में सर्वोदय भवन हिसार के साथ सहमति वाले विषयो व शर्तों को चुनेगा तथा उचित परिवेश का कार्य भी करेगा।

3. समझौते के आयाम वे दायरा

3.1 प्रस्तुत समझौता इतिहास विभाग,, दयानंद कॉलेज,, हिसार एवं गांधी अध्ययन केंद्र,, सर्वोदय भवन,, हिसार के बीच आपसी सहमति से तैयार हुआ है,, विभिन्न पक्षों पर विचार विमर्श कर आपसी समन्वय से कार्य करने को स्वीकृति दी गई तथा यह दोनों संस्थाओं पर बराबर रूप से लागू रहेगा।

Principal
Dayanand College,
HISAR

Principal
Dayanand College
HISAR

गांधी अध्ययन केन्द्र
(सर्वोदय भवन)
पुरानी अनाज मण्डी रोड़,
हिसार - 125001

3.2 समझौता निश्चित दिनांक से प्रारंभ होकर 5 वर्ष के लिए होगा। किसी भी असहमति या मतभेद की स्थिति में दोनों आपसी सहमति से इसे रद्द भी कर सकते हैं।

3.3 उक्त समझौता इतिहास विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों की गतिविधियों, शोध व कार्यों पर लागू होगा जो पूरी तरह से शैक्षणिक व शोध से संबंधित होगा तथा यही शर्तें गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार पर भी लागू होंगी।

4. समझौते में इतिहास विभाग एवं सर्वोदय भवन का उत्तरदायित्व।

4.1 इतिहास विभाग अपनी नियमित गतिविधियों में शैक्षणिक व शोध के विषय सर्वोदय भवन से सम्बधित तैयार करेगा। विभाग के शिक्षकों की अगुवाई में यह कार्य होगा तथा यही भाव सर्वोदय भवन का भी होगा।

4.2 समझौते के दोनों वादी अपने साधन, संसाधन, पुस्तकालय तथा प्रदर्शनी का सामान एक दूसरे के साथ साझा करेंगे। विद्यार्थी शोध का कार्य इतिहास विभाग के शिक्षकों के निर्देशन में करेंगे तथा सर्वोदय भवन उन्हें अपने क्षेत्र, प्रांगण में कार्य, शोध व गतिविधियां संचालित करने के अवसर देगा।

4.3 शोध के दौरान प्रयोग होने वाली दैनिक खर्च की चीजें व साधन दयानंद कॉलेज, इतिहास विभाग के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएगा।

4.4 विद्यार्थियों को निर्देशन के लिए प्रशिक्षित स्टाफ का दायित्व इतिहास विभाग दयानंद कॉलेज के शिक्षक निभाएंगे।

4.5 शोध व प्रशिक्षण के उपरांत जो दस्तावेज तैयार होगा उसकी एक प्रति इतिहास विभाग दयानंद कॉलेज में तथा एक प्रति सर्वोदय भवन में जमा होगी।

4.6 शोध में कार्यरत विद्यार्थियों को **'NO DUES CERTIFICATE'** अपने शिक्षक के माध्यम से जमा करवाना होगा। जिस पर दोनों संस्थाओं के समन्वयक के हस्ताक्षर होंगे।

4.7 दोनों संस्थाएं अपने पुस्तकालय, शोध सामग्री, दस्तावेज तथा अन्य सुविधा विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध कराएंगे।

4.8 दोनों मिलकर शोध के संभावित विषय, कार्यक्षेत्र व कार्यक्रम निर्धारण आपसी सहमति से करेंगे।

Principal
Dayanand College,
HISAR

Principal
Dayanand College
HISAR

गांधी अध्ययन केन्द्र
(सर्वोदय भवन)
पुरानी अनाज मण्डी रोड़,
हिसार - 125001

5. **बौद्धिक संपदा**

आपसी सहमति से जो शोध सामने आएगा उसकी प्रति दोनों संस्थाओं में जमा होगी तथा दोनों की संयुक्त संपदा स्वीकारी जाएगी।

6. **समझौते की संपन्नता एवं स्थगन**

दिनांक 28.04.2023 को हुए समझौते की जो अवधि 5 वर्ष होगी उसी अनुरूप कार्य होगा, निश्चित अवधि के बाद यह संपन्न माना जाएगा।

7. **समझौते में संशोधन**

दोनों पक्ष आपसी सहमति या सर्वसम्मति से समझौते में संशोधन, परिवर्तन, आंशिक या मौलिक बदलाव आपसी सहमति से कर सकेंगे तथा बीच-बीच में समीक्षा भी इसी तरह करेंगे।

8. **समझौते की संतुति एवं सत्यापन**

समझौते की संतुति एवं सत्यापन इतिहास विभाग, दयानंद कॉलेज एवं गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार के बीच यह समझौता निम्नलिखित जिम्मेदार व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में दिनांक 28.04.2023 को हुआ।

दयानंद कॉलेज हिसार

प्राचार्य

डॉ विक्रमजीत सिंह

दयानंद कॉलेज हिसार

Principal
Dayanand College
HISAR

गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार

व्यवस्थापक

गांधी अध्ययन केंद्र, सर्वोदय भवन, हिसार

गांधी अध्ययन केंद्र
(सर्वोदय भवन)
पुरानी अनाज मण्डी
हिसार - 125001

गवाह:

1) डॉ महेंद्र सिंह
अध्यक्ष, इतिहास विभाग,
दयानंद कॉलेज हिसार

1) सर्वोदय मित्र बनी सिंह जांगड़ा

2 सर्वोदय मित्र सत्यपाल शर्मा

Principal
Dayanand College,
HISAR